## अपठित गद्यांश 1

**प्र - नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए I**

नितिन एक समझदार और बहादुर लड़का था l एक दिन वह खेलते - खेलते जंगल में काफी अंदर तक चला गया l तभी एक सियार की नज़र उस पर पड़ी l छोटे बच्चे को देखकर सियार के मुँह में पानी आ गया l सियार को देखते ही नितिन डर गया और उसने उससे बचने की योजना बनाई l सियार के पास आते ही वह उससे बोला, "मुझे ख़ुशी है कि मुझे खाकर तुम्हारा पेट भर जाएगा l लेकिन मरने से पहले मुझे बाँसुरी बजा लेने दो l इससे मेरा स्वाद और अच्छा हो जाएगा l" स्वादिष्ट भोजन के लालच में सियार ने उसे बाँसुरी बजाने दी l नितिन अपनी बाँसुरी बजाने लगा l बाँसुरी की आवाज़ सुनकर नितिन का कुत्ता भागता हुआ वहाँ आया l सियार को देखते ही कुत्ता आग बबूला हो गया और सियार की ओर दौड़ा l यह देखकर बेचारा सियार दुम दबाकर वहाँ से भाग गया और नितिन की जान बच गई I

**प्र1 नितिन कैसा लड़का था ?**

**(I)बहादुर (II) डरपोक (III) नालायक (IV) कंजूस**

**प्र2 नितिन को देखकर सियार के मुँह में क्या आ गया**

**(I)नज़र (II) पानी (III) बाँसुरी (IV) भोजन**

**प्र3 मरने से पहले नितिन क्या बजाना चाहता था ?**

**(I)गिटार (II) सितार (III) बाँसुरी (IV) तबला**

**प्र4 बाँसुरी की आवाज़ सुनकर कौन आया ?**

**(I)हाथी (II) शेर (III) बिल्ली (IV) कुत्ता**

LIVEWORKSHEETS